कार्यालय आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई. (प्रथम)
राजस्थान आवासन मण्डल, मानसरोवर जयपुर

क्रमांकः 535 दिनांकः 01/10/2015

निविदा सूचना संख्या 06/2015-16

राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से आवासीय योजना बाल्वा रोड़, नागौर में निम्नलिखित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा सीलबंद निविदा जो ठेकेदार नये नियमों के अनुसार मण्डल में व अन्य सरकारी विभागों में नियमानुसार 'ए' एवं 'एए' श्रेणी में पंजीकृत है से आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 09.10.2015 से दिनांक 26.10.2015 अपरान्ह को 12.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 27.10.2015 को सांय 3.00 बजे तक प्राप्त की जाकर उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख) में	निविदा शुल्क (रू.)	कार्य अवधि
1.	राजस्थान आवासन मण्डल की आवासीय योजना बाल्वा रोड़, नागौर में सीवर कार्य का रख-रखाव एवं संधारण का कार्य।	8.27	500/-	36 माह

नोट :-

1. धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट आवासीय अभियन्ता, पी०एच०ई० खण्ड-प्रथम,राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर के पक्ष में देय होगी।
2. धरोहर राशि मण्डल में योग्यता श्रेणी अनुसार पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा अमानत राशि की आधा प्रतिशत एवं अन्य ठेकेदारों पर दो प्रतिशत देय होगी।
3. निविदा आवेदन पत्र के साथ पंजीकरण की छायाप्रति, वाणिज्य कर प्रमाण-पत्र सर्विस टैक्स, पंजीकृत की छायाप्रति संलग्न करना होगा। सर्विस टैक्स अधिनियम प्रावधानों के अनुसार दायित्व ठेकेदारों को वहन करना होगा।
4. राजस्थान आवासन मण्डल में भविष्य निधि एक्ट लागू है, जिसका समस्त दायित्व ठेकेदारों को वहन करना होगा।
5. राजस्थान आवासन मण्डल को एक या सभी निविदायें निरस्त करने का अधिकार होगा।
6. निविदाएं सशर्त स्वीकार नहीं होंगी।
7. यदि निविदा प्रपत्र बेचने एवं प्राप्त कर खोलने की अन्तिम तिथि को किसी कारणवश राजकीय अवकाश घोषित है तो उक्त तिथियों इनके अग्रिम कार्य दिवस की दिनांक को होगी।
8. निविदा प्रपत्र उन्हीं संवेदकों को जारी किये जायेंगे जिन्हें वर्णित कार्य का समुचित अनुभव हो तथा अनुभव प्रमाण-पत्र की प्रति प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।
9. अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी।

आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई. खण्ड-प्रथम , जयपुर